हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 18 नवंबर 2025

04 एसडीएम और जनसंपर्क अधिकारी ने की पत्रकारों...




08 मनरेगा में पहले जिले में 2 लाख 20 हजार...






## खबर संक्षेप

### लालता प्रसाद तिवारी बने स्वर्ण पदक विजेता

**विदिशा।** उज्जैन में 9-10 नवंबर को महानंदा खेल ग्राउंड पर आयोजित राज्य स्तरीय मध्यप्रदेश मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 30 से 90 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विदिशा जिले के जिला एथलेटिक्स सचिव लालता प्रसाद तिवारी ने 65 वर्ष आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 200 मीटर दौड़, भाला फेंक और तवा फेंक तीनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। उनकी इस उपलब्धि पर जिला एथलेटिक्स अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी लाल सहित खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी।

### दल ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**विदिशा।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 144-विदिशा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 252 खाईखेड़ा और 223 कराखेड़ी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में तहसीलदार अजय पाठक, जिला निर्वाचन कार्यालय से सहायक प्रोग्रामर रवि यादव एवं आनंद श्रीवास्तव शामिल रहे। दल ने मतदाता सूची, बूथ व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि मतदाताओं की सुविधा तथा सुगम मतदान के लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय पर पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण का उद्देश्य आगामी चुनावों को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और निर्बाध बनाने हेतु तैयारी सुनिश्चित करना है।

### सांसद खेल महोत्सव में खेलों में दिखी प्रतिभा



**विदिशा** एसएटीआई खेल मैदान में सोमवार को सांसद खेल महोत्सव उत्साह और जोश से गूंज उठा। वार्ड 28 से 33 तक के महिला-पुरुष एवं बच्चों ने लेमन रेस, रस्साकसी व म्यूजिकल चेयर जैसे पारंपरिक खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। रस्साकसी में युवराज सिंह धाकड़ व विशाखा तथा लेमन रेस में तान्या शर्मा व राज केवट विजेता रहे। अंत में विधायक मुकेश टंडन, सीएमओ दुर्गेश ठाकुर और जनप्रतिनिधियों ने विजेताओं को प्रशंसापत्र देकर सम्मानित किया।

### कलेक्टर ने नल जल योजना की समीक्षा की

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को जल जीवन मिशन के तहत जिले की नल-जल योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में हर-घर नल से जल की सप्लाई निर्बाध रूप से जारी रहे। जल निगम व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की 522 योजनाओं में से 378 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जिनमें 262 का ग्राम पंचायतों को हस्तांतरण किया जा चुका है। शेष 144 योजनाओं के हस्तांतरण की प्रक्रिया प्रगति पर है।

## शहर विकास को लेकर भाजपा पार्षदों के प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेसी

# भाजपा पार्षदों के मशाल जुलूस की आग की तपन से गरमा गई राजनीति

**एक दिन पहले विधायक और नपाध्यक्ष ने किया था पार्षदों को मनाने का प्रयास।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

12 सूत्रीय मांगों को लेकर नीमताल चौराहे पर धरना दे रहे भाजपा के पार्षदों ने छठवे दिन मशाल जुलूस निकाला। माधवगंज से शुरु होकर यह मशाल जुलूस मेन रोड से होते हुए नारेबाजी करते हुए निकाला गया।

सोमवार को सुबह ही इसकी तैयारियां की जा रही थीं। धरना स्थल पर भाषण के दौरान पार्षद अशोक जाट ने शायरी के अंदाज में नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मेरा घर जलाने वाले हवा का रुख बदला तो कहीं तेरा घर न जल जाए। उन्होंने यह भी कहा की यदि अब मुझे छेड़ा तो मैं छोडूंगा नहीं। धरना स्थल पर भी भाजपाई पार्षदों ने जमकर अपनी भड़ास निकाली और विधायक व नपाध्यक्ष के खिलाफ खुलकर बोले। 12 सूत्रीय मांगों को लेकर पार्षद अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। पार्षदों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, धरना जारी रहेगा। सोमवार शाम 6 बजे पार्षदों ने शहर के मुख्य मार्गों से मशाल जुलूस निकाला। पार्षदों का होसला बढ़ाने जगह जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया।पार्षदों के इस प्रदर्शन ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। सोशल मीडिया पर भी भाजपा पार्षदों का यह प्रदर्शन छाया हुआ है।

भाजपा के पार्षदों के समर्थन में कांग्रेसी भी धरना स्थल पर पहुंचे और भाजपाई पार्षदों के सामने ही विधायक मुकेश टंडन और केंद्रीय कृषि मंत्री पर तंज कसे। वहीं मशाल जुलूस में भी कांग्रेसी भाजपा पार्षदों के साथ शामिल हुए। पार्षदों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन को शहर के लोगों का भी समर्थन मिल रहा है। कई पुराने नेता भी पार्षदों के इस प्रदर्शन का समर्थन करते नजर आए। मशाल जुलूस निकालने वालों में धर्मेंद्र सक्सेना, जमना कुशवाह, राजेश लोधी, अशोक जाट, सतीष यादव, संतोष सोनी सहित बड़ी सख्या में पार्षद शामिल थे। धरने को संबोधित करते हुए पार्षदों ने स्पष्ट कहा की शहर विकास में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। विदिशा को पैरिस बनाने की बात कहने वाले नेताओं ने आज विदिशा को ऐसे जगह पर लाकर खड़ा कर दिया है कि शहर किसी गांव से भी बदतर नजर आने लगा है और नेता करोड़ों के काम गिना रहे हैं।




विदिशा। जलती हुई मशालें लेकर निकले भाजपा के पार्षदों का जगह- जगह लोगों ने मालाएं पहनाकर किया स्वागत।

# हिम्मतपुर में सड़क हादसा 12 घायल, 1 महिला की मौत

## अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी पिकअप



**करीला धाम से मां जानकी के दर्शन कर लौट रहे थे सभी श्रद्धालु, कई घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर

ग्यारसपुर तहसील के हैदरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हिम्मतपुर के पास सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसे में 12 लोग घायल हो गए। वहीं एक महिला की मौत हो गई।

करीला धाम से मां जानकी के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप हिम्मतपुर मोड़ पर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसा सुबह करीब 9 बजे हुआ। वाहन का संतुलन बिगड़ने से चालक उसे नियंत्रित नहीं कर सका। तीन 108 एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को ग्यारसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद 6 की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। हादसे के बाद पुलिस ने स्थल निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती अनुमान के अनुसार वाहन के अचानक अनियंत्रित होने और सड़क के मोड़ पर आवश्यक सावधानी न बरतने से दुर्घटना हुई। स्थानीय लोगों की तत्परता और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से कई घायलों की जान बचाई जा सकी।

### मदनई गांव की 45 वर्षीय महिला की मौत

पिकअप में कुल 15 लोग सवार थे। दुर्घटना में मदनई गांव की 45 वर्षीय लक्ष्मीबाई पत्नी हरिचरण की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि छह महिलाओं, चार लड़कियों, तीन लड़कों और वाहन चालक सहित 12 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकालने में पुलिस व प्रशासन की मदद की। सूचना मिलने पर हैदरगढ़ थाना पुलिस और चिकित्सा दल तुरंत मौके पर पहुंचे।

# कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा कर संतुष्टि के आधार पर निराकरण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन पर मिलने वाली शिकायतों व आवेदनों का संतुष्टि के साथ समय पर निराकरण किया जाए।

उन्होंने कहा जिले की ग्रेडिंग एवं रैंकिंग बेहतर हो। 50 एवं 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त प्रस्तावों एवं समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम से जुड़े प्रकरणों की स्थिति जानी। उन्होंने कहा कि अधिकतर आवेदनों का निराकरण एल-1 स्तर पर ही किया जाए, जिसके लिए विभागीय अधिकारियों को सक्रिय पहल करनी होगी। बैठक में हितग्राही मूलक योजनाओं, विशेष अभियानों और विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल योजनाएं, खाद-बीज की आपूर्ति, भंडारण व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग के कार्य, आयुष्मान पखवाड़ा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली में खाद्यान्न उठाव, खनिज, परिवहन, आबकारी एवं पंजीयन विभाग की राजस्व प्राप्ति सहित कई बिंदुओं की समीक्षा की गई।




बैठक में निर्देश देते हुए कलेक्टर।

# नटेरन में जलसंकट गहराया, ग्रामीणों ने जल निगम अधिकारी का पुतला फूंक डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶नटेरन

क्षेत्र में जारी जलसंकट के बावजूद जल निगम अधिकारी रवीना धाकड़ ने 22 घरों की टिल्लू पंप मोटर जब्त कर लीं। जिसके विरोध में सोमवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा।

पीने के पानी के लिए जूझ रहे ग्रामीणों ने जल निगम अधिकारी का पुतला फूंक डाला। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी ने दिन में घरों में घुसकर मोटरें उठाकर थाने में जमा कराईं। आक्रोशित ग्रामीणों ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।



### ग्रामीणों ने दी सीएम का पुतला फूंकने की चेतावनी

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि एक सप्ताह के भीतर समाधान न होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा और मुख्यमंत्री का पुतला जलाया जाएगा।

ग्रामीण महेंद्र रघुवंशी ने कहा कि पीने के पानी को लेकर ऐसे कदम उठाना अनुचित है और मोटरों को सम्मानपूर्वक लौटाया जाना चाहिए।

## ओलंपस स्कूल में चैम्पियंस लीग का समापन

**विदिशा।** ओलंपस हाई स्कूल में तीन दिवसीय खेलोत्सव 'चैम्पियंस लीग' एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का शनिवार को भव्य समापन हुआ। अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी ने विद्यालय की वर्षभर की उपलब्धियों का प्रस्तुतिकरण किया। कार्यक्रम में शिव तांडव, जुगलबंदी, छावा, योगा, हरियाणवी फोक व बॉलीवुड नृत्य सहित मनमोहक प्रस्तुतियां हुईं। विधायक मुकेश टंडन ने विद्यार्थियों की खेल व सहगामी गतिविधियों में उपलब्धियों की सराहना की। इसके बाद इंटरस्कूल व स्कूल अचीवर्स को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्कूल संस्थापक यशपाल सिंह ने मुख्य अतिथि को स्मृति-चिन्ह भेंट किया, मिनी सचदेवा ने आभार माना। अंत में यशपाल रघुवंशी द्वारा मशाल बुझाकर खेलोत्सव के समापन की घोषणा की गई। समारोह का संचालन वरूधी नेमा व अनन्या साहू ने किया।



## मजदूर संघ ने 46 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

**विदिशा।** भारतीय मजदूर संघ ने प्रदेशव्यापी आव्हान पर सोमवार ।के श्रमिकों व कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सीएम के नाम 46 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने बताया कि आउटसोर्स, दैनिक वेतनभोगी, संविदा, स्कीम वर्कर्स, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ता, बिजली कर्मचारी और मिड-डे मील रसोइयों सहित सभी वर्ग लंबे समय से अपने अधिकारों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रमुख मांगों में वरिष्ठ नागरिक आयोग का गठन, प्रवासी मजदूर परिवारों की सुरक्षा, बच्चों की शिक्षा, वृद्धजन की देखभाल, भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल योजनाओं में समयावधि पात्रता समाप्त करने तथा अंशकालीन कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन के समकक्ष मानदेय देने की बात शामिल है।




## महिला बाल विकास ने समझाइश देकर बाल विवाह होने से रोक दिया

**विदिशा।** महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने सोमवार को कागपुर की एक 16 वर्षीय नाबालिक बालिका का बाल विवाह रोकने की कार्रवाई कर परिजनों को समझाइश दी। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर शिकायत प्राप्त हुई थी की ग्राम कागपुर में 16 वर्षीय नाबालिग बालिका का बाल विवाह ग्राम रजोदा जिला झांसी के साथ होना तय हुआ है। यह शादी 30 नवंबर को ग्राम कागपुर से होनी थी। सहायक संचालक विवेक शर्मा द्वारा शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए विदिशा ग्रामीण परियोजना अधिकारी संजय सिंह, बाल विवाह रोकथाम प्रभारी मुकेश ताम्रकार, सेक्टर पर्यवेक्षक रजनी शर्मा द्वारा मौके पर पहुंचकर बालिका के परिजनों से जानकारी ली गई। बालिका की मां द्वारा आयु संबंधी दस्तावेज उपलब्ध न कराने पर स्कूल अध्यापक से संपर्क किया। जिसमें बालिका की आयु कम पाई गई।

## आदर्श महाविद्यालय जाफरखेड़ी में पुलिस कैसे बने कार्यशाला का शुभारंभ

# समाजसेवा का सशक्त माध्यम है पुलिस सेवा

**कार्यशाला में विद्यार्थियों ने प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़े प्रश्न पूछे।**


हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

आदर्श कॉलेज जाफरखेड़ी में पुलिस कैसे बने विषय पर आधारित 6 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर अध्ययन सफलता की कुंजी है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, पढ़ाई हमेशा कीजिए बाकी कामों के लिए समय निकालिए आपके सपने जरूर साकार होंगे।

एएसपी डॉ. चौबे ने बताया कि पुलिस सेवा न केवल स्थिर और सम्मानजनक कैरियर है, बल्कि समाजसेवा का सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने आधुनिक पुलिसिंग में तकनीक, साइबर सुरक्षा, फॉरेंसिक विज्ञान और खूफिया विश्लेषण जैसे क्षेत्रों के बढ़ते अवसरों पर प्रकाश डाला। उनके अनुसार पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया ने ग्रामीण और शहरी सभी वर्गों के युवाओं के लिए समान अवसर उपलब्ध कराए हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़े प्रश्न पूछे। कक्षा 12वीं की छात्रा हर्षिता चौबे द्वारा दिनचर्या संबंधी प्रश्न पर एएसपी ने कहा कि पढ़ाई को जीवन का निरंतर हिस्सा बनाना चाहिए और अन्य कार्यों के लिए समय निकालकर संतुलित दिनचर्या विकसित की जा सकती है। कार्यशाला के पहले दिन डॉ. अमोल सोले ने व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ब्रह्मदीप अलूने ने की तथा संचालन डॉ. स्मिता सिंघई ने किया। यह कार्यशाला 17 से 22 नवंबर तक चलेगी। दूसरे दिन निरीक्षक आशुतोष सिंह राजपूत विद्यार्थियों से संवाद करेंगे जबकि डॉ. एकता गुप्ता अर्थव्यवस्था पर विशेष व्याख्यान देंगी।




विदिशा। कार्यशाला के दौरान छात्रों को संबोधित करते एडिशनल एसपी श्री चौबे।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-5400
सरसों
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-8800
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव- 5550
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-7330
उड़द
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5400
मक्का
न्यूनतम भाव-980
उच्चतम भाव- 1640
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2450
उच्चतम भाव-5350
धान
न्यूनतम भाव-700
उच्चतम भाव-4081
गेहूं
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-3201
मूंग
न्यूनतम भाव- 5750
उच्चतम भाव- 6000
बटरी
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव- 3800
धनिया
न्यूनतम भाव-6050
उच्चतम भाव- 6050
मेथी
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव- 4000
असली
न्यूनतम भाव-7400
उच्चतम भाव- 7400

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 40009 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# 108 दीपों से हुई आरती,11 दिवसीय महा अनुष्ठान की पूर्णाहुति आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम आश्रम के विजय हनुमान मंदिर पर चल रहे 11 दिवसीय महारुद्र के दिव्य अनुष्ठान के दसवें दिवस सोमवार को सोम प्रदोष के पावन अवसर पर भगवान शिव का भव्य अभिषेक भक्ति भाव से संपन्न हुआ। 11 दिवसीय महा अनुष्ठान की पूर्णाहुति मंगलवार को होगी।

महंत राम मनोहर दास के सान्निध्य में भक्तजन गन्ने का रस, तीर्थ क्षेत्रों का जल, बिल्वपत्र और दूध से अभिषेक कर अपने कल्याण की कामनाएं महादेव को समर्पित कर रहे हैं। मालूम हो कि वेत्रवती घाट पर नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज के सानिध्य में इन दिनों प्रतिदिन नर्मदेश्वर महादेव का अद्वितीय अनुष्ठान वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा संपन्न हो रहा है। सोमवार को संपन्न हुए सोम प्रदोष के महा अभिषेक में भगवान नर्मदेश्वर महादेव के पूजन यजमान देवेंद्र रघुवंशी पत्रकार, डॉ जितेंद्र शर्मा, झुन्नीलाल रघुवंशी, रविंद्र रघुवंशी रंजवास, वीरेंद्र सिंह रघुवंशी भिदवासन, भानुसिंह ठाकुर विशनपुर एवं नीलेश रघुवंशी भिदवासन ने महंतजी के साथ भक्ति भाव से पूरे अनुष्ठान में सहभागिता की। इस अवसर पर आचार्य पंडित केशव गुरु ने शिव महिमा का महत्व सुनाते हुए कहा कि सोमवार स्वयं में शिव का दिन माना गया है। इसलिए जब सोमवार



और प्रदोष का संयोग बनता है। तब इसकी दिव्यता और प्रभाव अनंत हो जाता है। शिव महापुराण के विधेश्वर संहिता में उल्लेख है कि सोम प्रदोष का व्रत करने से चंद्रमा से जुड़ी समस्त पीड़ाएं, मानसिक तनाव, अस्थिरता, कलह, असफलता और गृहकल्याण से संबंधित कष्ट सब दूर होते हैं। व्यक्ति के जीवन में शांति, सौभाग्य और मानसिक संतुलन बढ़ता है। शिव महापुराण इस व्रत को त्रिवेणी फलदायक बताता है। उस समय जो मनुष्य भक्ति-भाव में लीन होकर शिव का ध्यान, मंत्र जाप, रुद्राभिषेक और दीपार्चन करता है, उसे भगवान शिव प्रसन्न होकर विशेष फल प्रदान करते हैं।

जो भक्त प्रदोष काल में सिर्फ एक पल भी शिव का स्मरण कर ले, उसे शिव पार्वती दोनों की कृपा एक साथ मिलती है। शिव महापुराण में प्रदोष काल को त्रिदेवों द्वारा पूजित काल कहा गया है। देवर्षि नारद, सनतकुमार और व्यास ऋषि भी इसके महत्व का वर्णन करते हुए बताते हैं कि सोम प्रदोष के दिन महादेव की कृपा केवल साधारण फल नहीं देती, बल्कि व्यक्ति के भाग्य, मन, जीवन और आने वाले भविष्य तक को बदल देती है। शिव महापुराण में एक प्रसंग आता है कि एक बार देवी पार्वती ने भगवान शिव से पूछा हे महादेव, ऐसा कौन-सा व्रत है जो शीघ्र फलदायी, पापों को नष्ट करने वाला और मोक्ष मार्ग का द्वार खोलने वाला है, तब भगवान शिव ने उत्तर दिया कि देवी सोम प्रदोष का व्रत वह अद्भुत केंद्र है जहां भक्त और ईश्वर का अंतर मिट जाता है। इस काल में मेरा पूजन करने से स्वयं त्रैलोक्य के पाप नष्ट हो जाते हैं। शिव महापुराण में यह भी उल्लेख मिलता है कि जब प्रदोष काल किया गया एक छोटा-सा मंत्रजाप भी अनंत फल देता है। ऋषियों ने कहा है कि इस समय किया गया हर कार्य शिव की ऊर्जा से जुड़ जाता है। एक प्रदोष व्रत का फल अनगिनत यज्ञों से भी अधिक बताया गया है। पंडित शास्त्री ने कहा कि सोम प्रदोष की उपासना इसलिए सर्वश्रेष्ठ मानी गई है क्योंकि सोमवार शिव का स्वयं का दिन है और शिव अपनी ऊर्जा का अधिकतम प्रकाश इसी दिन अपनी सृष्टि पर फैलाते हैं। शिव महापुराण कहता है कि इस दिन शिव भक्त के एक कदम आने पर हजार कदम आगे बढ़ कर उसकी सहायता करते हैं। यह व्रत सोमवार के दिन आता है, तब इसे सोम प्रदोष कहा जाता है और इसकी महिमा कई गुना बढ़ जाती है। सोम प्रदोष का व्रत पापों का नाश करने वाला और जीवन की समस्त बाधाओं को दूर करने वाला माना गया है।

### प्रभारी मंत्री के कार्यक्रम की सूचना न मिलने पर बिगड़ रहा था आपसी सामंजस्य

# एसडीएम और जनसंपर्क अधिकारी ने की पत्रकारों संग समन्वय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत शनिवार को जिले के प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम की सूचना पत्रकारों को न दिए जाने पर नगर के पत्रकारों ने इस कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया था और प्रमुख जनसंचार माध्यमों में इस कार्यक्रम से संबंधित कोई खबर प्रसारित प्रकाशित नहीं की गई।







पत्रकारों और प्रशासन के बीच आए इस गतिरोध को दूर करने के लिए सोमवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिला जनसंपर्क अधिकारी नगर में आए और एसडीएम के साथ उन्होंने पत्रकार भवन में पत्रकारों के साथ बैठक आयोजित कर इस गतिरोध को दूर कर पुनः समन्वय स्थापित कराया। यहां उल्लेखनीय है कि भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती को सरकार द्वारा समारोह पूर्वक मनाया गया था। जिसके तहत कई संस्थानों में साप्ताहिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए थे। वहीं आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा भी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर शनिवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नगर के मानस भवन में किया गया था। जिसमें जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल भी प्रमुख रूप से शामिल हुए थे, लेकिन इतने महत्वपूर्ण आयोजन की सूचना स्थानीय मीडिया को नहीं दी गई थी। बाद में जानकारी मिलने पर तहसील प्रशासन द्वारा कार्यक्रम शुरू होने के कुछ मिनट पहले सोशल मीडिया पर आमंत्रण मैसेज भेजा गया। इस पर मीडिया ने आपत्ति जाहिर करते हुए कार्यक्रम का बहिष्कार किया और आयोजन से संबंधित कोई समाचार नहीं चलाया।

प्रशासन और पत्रकारों के बीच आए इस गतिरोध की जानकारी मिलने पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिला पीआरओ बीडी अहरवाल को नगर में भेजा। जिन्होंने एसडीएम संतोष बिटोलिया के साथ श्रद्धेय अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन में पत्रकारों के साथ बैठक की। इस बैठक में पीआरओ और एसडीएम ने स्पष्टीकरण दिया कि उक्त आयोजन आदिम जाति कल्याण विभाग की ओर से आयोजित किया गया था और मीडिया को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी भी उसी विभाग के अधिकारियों की थी। मीडिया की आपत्ति और नाराजगी से कलेक्टर को अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर एसडीएम संतोष बिटोलिया ने कहा कि स्थानीय प्रशासन की ओर से भी अब सभी पत्रकारों को सम्मान जनक ढंग से सूचना पहुंचाने की प्रक्रिया में अपेक्षानुरूप सुधार किया जाएगा। साथ ही आगामी समय में सभी विभाग प्रमुखों को भी बुलाकर उनकी पत्रकारों के साथ बैठक आयोजित कराई जाएगी। ताकि अन्य विभागों का भी मीडिया से तालमेल और सूचना संप्रेषण बना रहे। इस मौके पर आरके वासुदेव सहित बडी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में एसजीएस कॉलेज रहा विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत केडीबीएम महाविद्यालय सिरोंज द्वारा जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता महिला व पुरुष का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के लगभग 9 महाविद्यालयों ने सहभागिता की। एसजीएस कॉलेज की पुरुष वर्ग की खो-खो टीम ने फाइनल मुकाबले में शासकीय एलबीएस महाविद्यालय सिरोंज को पराजित किया एवं महिला वर्ग ने अपने अंतिम मुकाबले में शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय को पराजित कर विजय हासिल की। पुरुष टीम का नेतृत्व कार्तिक द्वारा किया गया। पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों में विवेक, वैभव, लक्ष्य, अमित, अंशुल, साहिल आदि ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं महिला टीम का नेतृत्व पलक राजपूत द्वारा किया गया। महिला टीम के प्रमुख खिलाड़ियों में रानू, साक्षी, संजना, दीप्ति, रुक्मणी, अंशिका आदि ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के चयनित खिलाड़ी संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा टीम एवं क्रीड़ा अधिकारी को शुभकामनाएं दी गईं।

## खबर संक्षेप

### रिपटा घाट से उठवाया एक ट्रॉली कचरा



**गंजबासौदा।** नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के निर्देश और सीएमओ के मार्गदर्शन में नपा के स्वच्छता अमले ने बेतवा नदी के रिपटा घाट से कचरे को उठवाकर उसका निराकरण कराया। नपा के स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा ने बताया कि बेतवा नदी के रिपटा घाट पर प्रति रविवार को श्रमदान दल द्वारा नदी एवं घाटों की सफाई की जाती है। इस दौरान निकले कचरे को दल द्वारा एक जगह पर एकत्रित किया जाता है, जिसे नपा द्वारा नियमित रूप से भरवाकर उसका निराकरण किया जाता है। गत दिवस भी श्रमदान दल, रासेयो स्वयं सेवकों द्वारा करीब एक ट्रॉली से अधिक कचरा निकाला गया था। जिसे सोमवार को नपा के सफाई अमले ने भरवाकर उसका निस्तारण किया।

# नेत्र शिविर में हुई 210 मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

त्योंदा के शासकीय अस्पताल में स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनन्द पुर द्वारा नेत्र शिविर आयोजित किया गया। जिसमें नेत्र चिकित्सक डॉ गोलू सेन, अरविन्द नोडीया एवम अस्ताल के नेत्र सहायक ने लगभग 210 लोगों के नेत्रों की जाँच कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने ट्रस्ट की सराहना की और बताया की वर्ष भर में ट्रस्ट द्वारा 52 हजार से अधिक ऑपरेशन किये जाते है।

उक्त शिविरो का संचालन रवि उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन मे किया जाता है। इस मोके पर कैंप प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा, संतोष नामदेव ,राजेंद्र ने अपना सहयोग एवम दीनदयाल अवस्थी दीनू ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया। शिविर में 65 मरीजों को मोतिया बिन्द चिन्हित किया गया एवम 109 लोगों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। 17 मरीजों के चश्मे का नंबर निकाला गया एवम 19 को चश्मे प्रदान किये गए।

अस्पताल के समस्त स्टाफ एवम पैरा मेडिकल स्टाफ ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया। ज्ञात हो कि सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट इन शिविरो द्वारा ग्रामीण इलाकों में लगातार अंधत्व निवारण के लिए मोतिया बिन्द ऑपरेशन के लिए अभियान चला रहा है। इन शिविरो को ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में लगाया जा रहा है।

## टेलीकॉम कंपनी नहीं दे रही ध्यान, हो सकता है हादसा ......



गंजबासौदा। नगर के बेहलोट बाईपास मार्ग मुख्य सड़क पर टेलीकॉम कंपनी द्वारा केवल लाइन डालने का काम किया जा रहा है। इस दौरान कई दिनों से गड्ढे तो खोद रखे हैं जो खुले पड़े है। जिससे किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।

# यातायात पुलिस ने किया जुर्माना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा जय स्तंभ चौक पर वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ऐसे दो पहिया वाहन चालक जो बगैर नंबर प्लेट की या टूटी हुई नंबर प्लेट की बाइक चला रहे थे। दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बैठी हुई थी। चार पहिया वाहन चालक बगैर सीट बैल्ट लगाए वाहन चला रहे थे। ऐसे वाहन चालकों को रोककर यातायात पुलिस द्वारा वाहन के आवश्यक दस्तावेज एवं चालक के ड्रायविंग लायसेंस की जांच की गई। जिनके न पाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। वाहन चैकिंग अभियान के दौरान 23 वाहन चालकों से 7900 रुपए जुर्माने के रुप में वसूल किए गए। इस दौरान यातायात निरीक्षक ने दो पहिया वाहन चालकों को तेज गति में वाहन न चलाने एवं हेलमेट लगाने की समझाईश दी तथा शराब पीकर वाहन न चलाना, नाबालिग बच्चों को वाहन न देने की अपील वाहन चालकों से की गई।

### अभाविप कार्यकर्ताओं ने रखी मांगें

# अव्यवस्थाओं को लेकर दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्थानीय स्टेडियम में व्याप्त अव्यवस्थाओं, भ्रष्टाचार एवं रख-रखाव की लापरवाही को लेकर सोमवार को एसडीएम संतोष बिटौलिया को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि लगभग 1 करोड़ 69 लाख की लागत से निर्मित स्टेडियम लोकार्पण के मात्र 11 महीनों में ही जर्जर स्थिति में पहुँच गया है। जिला संयोजक शुभम सिंह ठाकुर ने बताया कि स्टेडियम का रख-रखाव पूरी तरह उपेक्षित है। लगभग 200 खिलाड़ी मजबूरन रोड या अन्य स्थानों पर अभ्यास करने को विवश हैं। परिसर में चौकीदार की तैनाती नहीं है, जिससे असामाजिक तत्व लगातार नुकसान पहुँचा रहे हैं। भवन एवं अन्य संरचनाएँ टूट-फूट की स्थिति में पहुँच चुकी हैं, जो गंभीर भ्रष्टाचार एवं लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि स्टेडियम को तत्काल पुनः संचालित किया जाए, चौकीदार की स्थायी तैनाती हो, जर्जर संरचनाओं की मरम्मत की जाए तथा निर्माण कार्य में हुए संभावित भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। गजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि यदि 7 दिनों के अंदर प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की जाती है, तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। एबीवीपी ने कहा कि खिलाड़ियों के भविष्य एवं सार्वजनिक हित के लिए स्टेडियम का पुनः संचालन आवश्यक है। परिषद ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की है। इस दौरान कुलदीप, गजेंद्र, उत्कर्ष, हीरेंद्र,पार्थ, राहुल, दक्ष, वरुण, वंश सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नाबालिग बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया





**गंजबासौदा।** शहर पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिला सीहोर से नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की। दिनांक 21 अक्टूबर को फरियादी द्वारा अपनी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट की गई थी। जिस पर शहर थाना में धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में शिखा भलावी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं प्राप्त सुरागों के आधार पर सतत तलाश-पतारसी की गई। रविवार को टीम ने नाबालिग अपहृत बालिका को श्यामपुर दोराहा, जिला सीहोर से सकुशल दस्तयाब किया। न्यायालय में अपहृता के कथन कराए गए तथा बाद में उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संजय वेदिया, राधेश्याम यादव, सुरेश रघुवंशी, शिवप्रताप, शिवानी मिश्रा का विशेष योगदान रहा।

# सात दिवसीय शिविर का हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय वार्षिक विशेष शिविर ग्राम गंज में आयोजित किया जा रहा है। स्वयंसेवकों द्वारा लगातार 2 दिन से श्रमदान दल के साथ मिलकर बेतवा रिपटा घाट पर श्रमदान किया जा रहा है। श्रमदान के पश्चात बौद्धिक सत्र के तहत मुख्य अतिथि के रूप में महंत महेश्वरदास त्यागी महाराज द्वारा स्वयंसेवकों को बताया गया कि उन्होंने देश-विदेश में भ्रमण किया और बताया कि ईश्वर की भक्ति ही सबसे बड़ी भक्ति है उन्होंने अपने जीवन में कई कठिनाइयों का सामना किया तथा बताया कि हर परिस्थिति में धैर्य और ईश्वर भक्ति के माध्यम से समस्त कार्य सिद्ध किये जा सकते हैं। विशेष अतिथि अभय शर्मा ने S.I.R विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची के विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रहलाद भावसार ने स्वयंसेवकों को मार्गदर्शित किया।





भोपाल से आए सीनियर स्वयंसेवक हरिओम विश्वकर्मा, प्रकाश शर्मा, सपन सक्सेना, नेहल ओझा, परी ओझा द्वारा स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के विषय पर जानकारी दी गई। पूर्णिमा ओझा द्वारा गीत संगीत की प्रस्तुति दी गई। समीक्षा राठौर, सिमरन राजपूत, अवंतिका अहिरवार, विशाखा कुशवाह द्वारा बनाए गए शिविर दर्पण का विमोचन हुआ। कार्यक्रम का संचालन पिंकी कुशवाहा ने किया। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ओझा और बालिका इकाई कार्यक्रम अधिकारी भारती पंथी द्वारा किया जा रहा है। कैंप कमांडर राजीव छारी, ग्रुप लीडर नमन साहू, अभी यादव, भूपेंद्र पंथी, यशपाल अहिरवार, रागिनी पाल, नेहा रैकवार, संजना मालवीय, राधिका शर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई। वरिष्ठ स्वयंसेवक सचिन अहिरवार, साहिल यादव, अमित विश्वकर्मा, गौरव शर्मा, हरिओम विश्वकर्मा, मोनू कुशवाह, पुष्पलता सेन, आयुषी दांगी, नैना पांडे आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### माता वैष्णोदेवी के लिए तीर्थयात्री 31 जनवरी को होंगे रवाना

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रियों के लिए माता वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा करने हेतु आवेदन 17 जनवरी तक प्राप्त किये जावेगें। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रा हेतु किए जा रहे आवेदन में आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रहेगा तथा आवेदन साफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी के द्वारा इस कार्यालय में 17 जनवरी 2026 सायं 05:30 बजे तक भेजना सुनिश्चत करें। तीर्थ यात्रियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सीय प्रमाण पत्र सहित सभी कालमों एवं सहपत्रों का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र व्यक्तियों के ही आवेदन इस कार्यालय में भेजे जावें। इसके अतिरिक्त जिन तीर्थ यात्रियों द्वारा पूर्व की यात्राओं का लाभ प्राप्त कर लिया गया है। उन तीर्थ यात्रियों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएगें।

### 114वां नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र 1 दिसंबर से प्रारंभ

**सागर।** लेखा प्रशिक्षण शाला, सागर द्वारा आयोजित 114वां नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र दिनांक 01 दिसंबर 2025 से 15 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में भाग लेने के इच्छुक लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों के आवेदन पत्र संबंधित कार्यालय प्रमुख द्वारा 21 नवंबर 2025 तक लेखा प्रशिक्षण शाला, सागर को प्रेषित किए जाने आवश्यक हैं। यह प्रशिक्षण सत्र शासकीय कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को लेखा कार्य में दक्ष बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता में हिन्दी मुद्रलेखन या सी.पी.सी.टी. परीक्षा उत्तीर्ण होना तथा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक वर्षीय कम्प्यूटर डिग्री/डिप्लोमा क्ब्।/च्ळक्ब्। का प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है।

---

**खराब प्रगति पर जताई नाराजगी, प्रगति बढ़ाने के निर्देश**

# एसआईआर: गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन में 10 प्रतिशत की दैनिक प्रगति बढ़ाएं: जिला निर्वाचन अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने एसआईआर प्रक्रिया के सम्पूर्ण कार्य एवं गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन की समीक्षा की। कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन में प्रतिदिन 10 प्रतिशत की प्रगति लाए। उन्होंने बीएलओ के सहयोग के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी लगाने और सीडीपीओ को मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनपद सीईओ को पंचायत एवं सीएमओ को वार्ड स्तर के अमले को मतदान केंद्रवार गणना पत्रक के कलेक्शन एवं डिजिटलाइजेशन में लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नियुक्त किए गए सेक्टर अधिकारियों का भी सहयोग लें। कलेक्टर ने खराब प्रगति पर नाराजगी जताई और प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ, सीएमओ आदि को भी मतदान केंद्र डिजिटाइजेशन के लिए बांटने के निर्देश दिए।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने एसआईआर में हुई प्रगति की समीक्षा बैठक ली और रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि ऐसे बूथ लेवल ऑफिसर जो अब तक जीरो प्रगति दिखा रहे हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने एसआईआर के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की और अधिकारियों से कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध करने तथा नए मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि बीएलओ मतदाता सूची के संशोधन, डुप्लीकेट प्रविष्टियों को हटाने और फील्ड वेरिफिकेशन में सक्रिय भूमिका निभाएं। जीरो प्रगति वाले बीएलओ की पहचान कर उन्हें नोटिस जारी करने का उद्देश्य कार्य में जवाबदेही सुनिश्चित करना है, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर एसआईआर का कार्य पूर्ण हो सके।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डिजिटाइजेशन प्रक्रिया को और तेज किया जाए तथा गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन में दैनिक रूप से 10 प्रतिशत की प्रगति बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि फॉर्म को निर्धारित प्रारूप में अपलोड करना सुनिश्चित करें। एसआईआर के तहत मतदाता सूची में संशोधन, नए पंजीकरण और फोटो पहचान पत्र वितरण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। जिले में अब तक 89 हजार से अधिक का डिजिटलाइजेशन हो चुका है, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में फॉर्म डिजिटल करने बाकी हैं। निर्वाचन आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान को जिले में निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कलेक्टर संदीप जी आर ने अतिरिक्त कदम उठाते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (जनपद पंचायत) एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र के स्थानीय अमले (राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी आदि) को बूथ लेवल ऑफिसर के साथ सक्रिय सहयोग हेतु तत्काल लगाएं। कलेक्टर ने सभी परियोजना अधिकारियों (सीडीपीओ) को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं बीएलओ के साथ मिलकर डाटा एंट्री एवं डिजिटलाइजेशन कार्य में पूरा सहयोग करें।

कलेक्टर ने कहा कि "एसआईआर केवल निर्वाचन विभाग का नहीं, बल्कि पूरे जिला प्रशासन का कार्य है। इसलिए सभी विभागों का सहयोग जरूरी है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं घर-घर तक पहुंच रखती हैं, उनका सहयोग मिलने से डिजिटलाइजेशन एवं फील्ड वेरिफिकेशन की गति कई गुना बढ़ जाएगी।"

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और बीएलओ को अलर्ट रहने के लिए कहा है। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि वे अपने मतदाता पंजीकरण की स्थिति जांचें और आवश्यक संशोधन के लिए निकटतम बीएलओ या निर्वाचन कार्यालय से संपर्क करें। एसआईआर का यह अभियान आगामी चुनावों के लिए मतदाता सूची को पूर्णतः अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

---

# आईजा ने किया पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व आईएएस का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोशिएसन आईजा द्वारा भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री असलम शेर खान व पूर्व आईएएस सभाजीत यादव का सम्मान आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि संस्कार ग्रीन वैली स्कूल में एक भव्य कार्यक्रम में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनानी ने बताया कि 5 अक्टूबर 2025 को अशोकनगर में राष्ट्रीय संत गुरूवर मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज की उपस्थित में जैन पत्रकारो के महाकुंभ का आयोजन किया गया था। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री असलम शेर खान व पूर्व आईएएस सभाजीत यादव आमंत्रित थें। लेकिन निजी व्यवस्ताओं के कारण वह कार्यक्रम में शामिल नही हो पाए थें। इस कारण उनका सम्मान सिरोंज में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम तहसीलदार संजय चौरसिया,संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के चेयरमैन निजाम खान,ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी,वरिष्ठ समाजसेवी जफर खान,पत्रकार नसीम खान,सलमान खान,अरवाज खान शेखू,जावेद खान,कमलेश कुशवाह आदि मौजूद रहें।

### राष्ट्रीय संत मुनि श्री के आर्शीवाद से रह गया वंचित

इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री असलम शेर खान ने कहा कि अशोकनगर में आयोजित जैन पत्रकारो के महा सम्मेलन में अपनी निजी व्यस्ताओं के कारण शामिल नही हो पाया। जिसका मुझे अफशोस है और मुझे दुख इस बात का है कि में राष्ट्रीय संत गुरूवर मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के आर्शीवाद से वंचित रह गया। मे शीघ्र ही कोशिश करूंगा कि ऐसे राष्ट्रीय संत का पुनः मुझे दर्शन लाभ मिले और मैं उनका आर्शीवाद प्राप्त करों। वही उन्होने मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के बारे में कहा कि मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज एक प्रसिद्ध जैन संत हैं और वह दिगंबर जैन परंपरा के एक प्रमुख आचार्य हैं। उनके प्रवचन बहुत गहरे माने जाते हैं और वे जैन दर्शन के सिद्धांतों को सरल भाषा में समझाते हैं, जिससे बड़ी संख्या में लोग उनसे जुड़ते हैं। वे एक मुनि के रूप में कठोर तपस्या और त्याग का जीवन जीते हैं, जो उनके अनुयायियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### जैन धर्म के प्रमुख गुरू संत सुधा सागर महाराज

वही पूर्व आईएएस सभाजीत यादव ने कहा कि मुनि श्री सुधासागर महाराज एक दिगंबर साधु हैं और अब जैन धर्म के प्रमुख गुरु हैं। वह संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के जैन संघ का हिस्सा थे। सुधासागर जी एक ज्ञानी जैन संत हैं और वह एक गुरु के रूप में, जैन मंदिरों, जैनियों और समाज के कल्याण के लिए काम करते हैं। वह कई जैन मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए प्रेरणा हैं जो बुरी स्थिति में थे, जैसे सांगानेर और दादाबाड़ी कोटा में स्थित सांघीजी। वह नारेली जैन मंदिर के पीछे भी प्रेरणा थे। वही आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने कहा कि मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज एक प्रसिद्ध दिगंबर जैन साधु हैं, जिनका जन्म 29 अगस्त 1958 को मध्य प्रदेश के ईशूरवाड़ा में हुआ था। उन्होंने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से क्षुल्लक, ऐलक और अंततः मुनि दीक्षा प्राप्त की और तब से वे जैन धर्म और संस्कृति के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कई जैन मंदिरों के जीर्णोद्धार में प्रेरणा दी और जैन संस्कृति संस्थान जैसी संस्थाओं की स्थापना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

**प्राकृतिक खेती की राह पर बढ़ने को तैयार किसान**

# प्राकृतिक खेती पर विकासखंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर सह अध्यक्ष आत्मा गर्वनिंग बोर्ड के निर्देशानुसार एवं परियोजना संचालक आत्मा के मार्गदर्शन में प्राकृतिक खेती विषय पर विकासखंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड बंडा के ग्राम सेसई साजी मे किया गया। उक्त कार्यक्रम में शैलेंद्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र देवरी डॉ. आशीष त्रिपाठी, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक शैलेष पाण्डेय, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक निधि पाण्डेय, विभागीय कर्मचारी सहित 140 से अधिक कृषकों की उपस्थिति मे सपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों का स्वागत उपरांत शैलेंद्र सिंह ठाकुर ने शासन और सरकार को प्राकृतिक खेती के लिए बढ़ावा देने के उद्देश्यों की तारीफ करते हुए किसानों से आग्रह किया की कम से कम अपने लिए किसान भाई प्राकृतिक खेती की शुरुआत करें, साथ में उनके द्वारा पशुपालन विभाग की नई योजना के बारे में भी विस्तार से बताया गया कि 25 गोवंश के लिए सरकार योजना ला रही है जिसमें 10 लाख रुपए तक की छूट के प्रावधान की जानकारी दी। राहुल साहू ने प्राकृतिक और जैविक खेती को विस्तार से समझाया और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और शासन के द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियानों के बारे में विस्तार से किसानों से चर्चा की। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ त्रिपाठी ने प्राकृतिक खेती को विस्तार से किसानों के बीच में रखकर उदाहरण सहित जीवामृत, बीजामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र अग्निअस्त्र आदि के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। शैलेष पाण्डेय के द्वारा प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को मिट्टी नमूना लेने के तरीकों को विस्तार से बताया तथा हर खेत का मिट्टी परीक्षण कराने के लिए आग्रह किया। नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग अंतर्गत किसानों की सक्रिय भागीदारी के लिए अनुरोध कर रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान की जानकारी विस्तार से दी, साथ में किसानों को नरवाई ना जलाने का भी अनुरोध किया।

निधि पाण्डेय ने किसानों को विभागीय जानकारी से अवगत कराया तथा वर्तमान में रबी फसलों के बीज की उपलब्धता की जानकारी किसानों के साथ साझा की।

---

# भोपाल जबलपुर 300 किलोमीटर पर फोर लेन 45 पर नहीं ट्रामा सेंटर की सुविधा

## बरेली के सिविल अस्पताल में मिले जीवन दाहिनी ट्रामा सेंटर की सुविधा

**गंभीर घायलों और बीमारों को नहीं मिल पाता उपचार, हो रही मौतें**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭बरेली

भोपाल से जबलपुर को जोडऩे वाले फोर लेन 45 के 300 किलोमीटर से अधिक मार्ग पर किसी भी स्थान पर ट्रामा सेंटर की सुविधा नहीं है।फोर लेन 45 पर हमेशा हादसे और दुर्घटनाएं होती हैं। जिनमें लोग गंभीर घायल होते हैं।

इसी के साथ गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोग ट्रामा सेंटर की जीवन दाहिनी सुविधा न होने के कारण रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। पिछले दिनों एक 40-45 वर्षीय युवक वीरेंद्र राय की हार्ट अटैक से समय पर उपचार न होने से मृत्यु हो गई। ऐसे अनेक मामले हैं कि गंभीर अवस्था के मरीज महिलाएं रास्ते में ही दम तोड़ देने का असहनीय दर्द परिवारों को झेलना पड़ा है।



**राज्य मंत्री से अपेक्षा**

*हमेशा जनसेवा जन सुविधाओं के लिए सक्रिय बने रहने वाले क्षेत्र के विधायक और प्रदेश के स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल से क्षेत्र के निवासियों ने सिविल अस्पताल में ट्रामा सेंटर की सुविधा की अपेक्षा रखे हुए हैं। क्षेत्र के लाखों निवासियों को गंभीर स्थिति में जीवन रक्षा की आपातकालीन सुविधा प्राप्त होगी।*

**ट्रामा सेंटर की मांग**

*भोपाल से जबलपुर के बीच बरेली सबसे बड़ा प्रमुख व्यापारिक प्रशासनिक स्थान है।बरेली से आसपास की ढाई - तीनसो ग्रामों की आबादी जुड़ी हुई है फोर लेन 45 पर हमेशा वाहन दुर्घटनाएं होती रहती हैं संपन्न लोग तो गंभीर स्थिति में भोपाल ,इंदौर, नागपुर, जबलपुर पहुंचकर अपना उपचार करा कर जान बचा लेते हैं। परंतु गरीब मध्यम वर्ग के लोग ट्रामा सेंटर जैसी सुविधा प्राप्त नहीं कर पाते हैं। एक दशक से बरेली में ट्रामा सेंटर स्थापित किए जाने की मांग है जिससे बाड़ी, बरेली ,उदयपुरा, देवरी, बम्होरी, सिलवानी क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामों की गंभीर बीमारी घायलों को ट्रामा सेंटर की जीवनदायनी उपचार सुविधा प्राप्त होगी।*

---

# ठंड का प्रकोप, थर-थर कांप रहे क्षेत्र के लोग

◆ ठंड के चलते तापमान में भी आई भारी गिरावट, सब्जी उत्पादन भी नीचे गिर रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭बरेली

शीत का मौसम स्वास्थ्य के लिए उत्तम माना जाता है परंतु चल रही बर्फीली उत्तरी हवाओं के कारण संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र शीत प्रकोप से थर-थर कांप रहा है। शीत का लगातार अत्यधिक प्रकोप बना रहने से लोग सर्दी, जुखाम, बुखार, बदन दर्द से पीड़ित होकर सिविल अस्पताल और प्राइवेट डॉक्टर के यहां उपचार के लिए भीड़ लगा रहे हैं।

लगातार भारी शीत प्रकोप का असर इन्सानों के साथ पेड़ पौधों पशु पक्षियों पर पड़ रहा है। रात का तापमान 10 डिग्री तक नीचे आ जाने से सुबह 10 - 11 बजे तक असर बना रहता है वही शाम का अंधेरा 5 बजे छा जाने के बाद शीत का प्रकोप शुरू हो जाता है। पिछले दिनों की तीन-चार रातें अत्यधिक सर्द और शीत जनित परेशानियों का करण बनी रही।

### रिकॉर्ड तोड़ शीत प्रकोप जारी-

दीपावली बाद अगहन और नवंबर के महीने में शीत का इतना अधिक लगातार प्रकोप नर्मदा क्षेत्र के निवासियों ने दशकों बाद देखा है और महसूस किया जा रहा है धूप की तेजी गायब हो जाने से फूल खिलना बंद हो गए और सब्जी का उत्पादन भी नीचे गिर रहा है। भारी शीत में दो पहिया वाहनों का सफर करना जोखिम भरा बना हुआ है। दोपहर में दो-चार घंटे निकलने वाली धूप जरूर कुछ राहत दे रही है। परंतु 24 में से 18-20 घंटे भारी शीत में रहना और कार्य करना मजबूरी बना हुआ है जब शीत के शुरुआत में ठंड पडऩे की यह स्थिति है तो आने वाले दिसंबर-जनवरी माह में शीत का कितना प्रकोप होगा चर्चा हो रही है।

**24 घंटे बना शीत का माहौल, लोग हो रहे बीमार**



**अलाव का सहारा**

*भले ही नगर की सार्वजनिक भीड़भाड़ वाले स्थान पर नगर पंचायत द्वारा अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की है।परंतु ठंड के प्रकोप से थर-थर कांपते लोग शरीर को गर्म बनाए रखने पन्नी, कागज गत्ते, पुराने टायर से अलाव जलाकर आग ताप रहे हैं इन अलावों के पास ठंड से बचने इंसान ही नहीं जानवर भी घेरा बनाकर आग तापने और शरीर को गर्म बनाए रखने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं।ठंड की मुसीबत से बचने इंसान और जानवर एक साथ आग ताप रहे है।*

---

# मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण जारी, घर-घर पहुंच रहे बीएलओ

## बहूओं के नाम बचाने 2003 की सूची में ढूंढ रहे समधी समधन के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭बरेली

नगर एवं क्षेत्र में एस आई आर के अंतर्गत मतदाता सूचियों में दर्ज नाम का गहन पुनरीक्षण के कार्य में घर-घर वीएलओ पहुंचकर फॉर्म और जानकारी भरवा रहे हैं।

सबसे बड़ी समस्या बहूओं के नाम बचाने जुड़वाने और 2003 की सूची में समधी समधन के नाम ढूंढने में आ रही है। इसके लिए अन्य विधानसभा क्षेत्र की सुचियां और जानकारियां मायके से बहुएं मंगवा रही हैं उनके माता-पिता के दर्ज नाम की जानकारी बीएलओ द्वारा दर्ज की जा रही है।

### घर-घर जा रहे बीएलओ

मतदाता सूचियों में दर्ज नाम के मिलान में 2003 की सूची में नाम होना अनिवार्य है।लोग ग्रामों से नगर में आगए नौकरी व्यवसाय में अन्य स्थानों पर चले गए या नगर में ही एक से दूसरे स्थान पर चले गए।



विवाह में बहुएं अन्य जिले प्रदेशों से आ गई या नगर की बेटियां अन्य स्थानों पर चली गई वहां की विधानसभा का क्रमांक, भाग संख्या, मतदान केंद्र, विधानसभा केंद्र क्रमांक इत्यादि की जानकारी फॉर्म में भरना जरूरी है। विवाह होकर आई बहूओ के नाम 22 वर्षों पूर्व कहां थे इसकी जानकारियां प्राप्त करने में परिवार और बहुएं परेशानियां महसूस कर रही हैं। जानकारियां एकत्रित करने में फॉर्म भरने में विलंब और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

---

**नगर प्रवेश के दो वैकल्पिक मार्गों के निर्माण से यातायात दबाव होगा कम**

# व्यापारियों ने उठाई वगलवाड़ा-नदी रोड निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭बरेली

भोपाल नवाब के शासन और नगर की बसाहट के दौरान नगर में तीन प्रमुख मार्ग हुआ करते थे।भोपाल के जुमेराती गेट की तरह तीन प्रवेश गेट थे, इन तीन गेटों में से दो टूट चुके हैं।सिर्फ एक गेट बचा है उस पर भी अतिक्रमण की अधिकता बनी हुई है इसे वगलवाड़ा रोड का गेट कहा जाता है। नदी रोड चेनपुर रोड से जुड़ा हुआ है।

व्यापारियों नागरिकों द्वारा इन दोनों पुराने मार्गों का तकनीकी ढंग से अतिक्रमण हटाकर निर्माण किए जाने से नगर में प्रवेश के दौरान भारी अस्त-व्यस्त यातायात और हमेशा लगने वाले जाम से मुक्ति मिल सकती है।

### यातायात का भारी दबाव -

वर्तमान में नगर के प्रवेश के लिए टॉकीज रोड है जो टॉकीज के सामने से दो भागों में बट जाता है। एक मार्ग सब्जी मंडी होकर बड़ा बाजार पहुंचता है तो दूसरा छोटा बाजार होते हुए बड़ा बाजार पहुंचता है। पुराने हाईवे 12 से



जुड़ा कन्या शाला रोड छोटा बाजार को जोड़ता है वही पावर हाउस रोड अत्यधिक सकरा होने से हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। इन चारों मार्गों पर चाहे जहां वाहन खड़े करने मुख्य प्रवेश मार्ग पर हाथ ठेले दुकानों का सामान सडक़ तक मनचाहे स्थान और समय तक वहां खड़े रहने से वाहनों की भागम भाग में पैदल भी सुरक्षित ढंग से चलना जोखिम भरा बना रहता है।

### वैकल्पिक मार्गों का हो निर्माण

पुराना वगलवाड़ा रोड से कभी यात्री बसें और ट्रैक्टर ट्रालियां आती जाती थी अब दो पहिया वाहन भी सुरक्षित ढंग से नहीं निकल पा रहे हैं। धोखेड़ा टैंक से सीधी वगलवाड़ा मार्ग से बड़ा बाजार एवं नगर में प्रवेश मार्ग निर्माण से आसान हो जाएगा इसी प्रकार नदी रोड से भी वाहन सीधे छोटा बाजार होते हुए नगर में सुरक्षित ढंग से आवागमन होगा।

**इनका कहना है**

नगर के यातायात को व्यवस्थित करने यातायात का दबाव कम करने पुराने वगलवाड़ा मार्ग को व्यवस्थित ढंग से निर्माण करने की मांग उचित है।

- **राजेश साहू,** विधायक प्रतिनिधि नप बरेली

**इनका कहना है**

मुख्य मार्ग से बाजार को जोडऩे वाले वैकल्पिक पुराना वगलवाड़ा रोड एवं चेनपुर रोड को चार पहिया वाहन के आवागमन के लिए उपयोगी बनाने की व्यापारियों की मांग उचित है। इससे यातायात व्यवस्था में सुधार होगा नगर पंचायत की बैठक में विचार के लिए रखूंगा।

**नेपाल सिंह राजपूत,** उपाध्यक्ष नप बरेली।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर सूचनाओं के के लिए संपर्क केंद्र बना

**रायसेन।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शिकायत एवं सूचनाओं का आदान-प्रदान करने के लिए अपर कलेक्टर तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज उपाध्याय के आदेशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय कॉन्टेक्ट सेन्टर स्थापित किया है, जिसका सम्पर्क नम्बर 1950 है। निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण अंतर्गत जिला स्तरीय कॉन्टेक्ट सेन्टर का प्रभारी नोडल अधिकारी आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक चन्द्रप्रकाश सोनी को नियुक्त किया है। साथ ही सहयोग हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी कार्य समापन तक लगाई गई है।

### कुपोषित बच्चों को फूड बॉस्केट की वितरित

**रायसेन।** जिले को कुपोषणमुक्त बनाने के लिए महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों द्वारा अभियान के रूप में कार्य किया जा रहा है। साथ ही जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक संगठनों, सामाजिक संगठनों आदि के सहयोग से कुपोषित बच्चों को फूड बॉस्केट वितरित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सेमरीखुर्द, देवनगर, सुल्तानगंज, केवलझिर, दाहोद सहित अन्य ग्रामों तथा निकायों में कुपोषित बच्चों को फूड बॉस्केट वितरित की गई। साथ ही महिला बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा कुपोषित बच्चों के माता-पिता से गृह भेंट कर बच्चों के स्वास्थ्य में पोषण आहार का महत्व बताया जा रहा है। साथ ही घर पर ही सुगमता से उपलब्ध खाद्य सामग्रियों से पौष्टिक आहार बनाने की विधि बताई जा रही है।

### पदयात्रा में सामाजिक कार्यकर्ता हुए शामिल

**सिलवानी।** देशभर के लाखों श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह का केंद्र बनी सनातन हिंदू एकता पदयात्रा का समापन अत्यंत आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। यह भव्य यात्रा 7 नवंबर को दिल्ली से प्रारंभ होकर 16 नवंबर को श्रीधाम वृंदावन में पहुंचकर संपन्न हुई। आयोजन श्री श्री बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के पावन सान्निध्य में किया गया।यात्रा के दौरान विभिन्न राज्यों से आए साधु-संतों, भक्तों, युवाओं और सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म की अखंडता, सामाजिक सद्भाव, हिंदू एकता और सांस्कृतिक गौरव को मजबूत संदेश देना रहा। मार्गभर भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ तथा आध्यात्मिक प्रवचनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। सिलवानी तहसील के ग्राम बूढ़ा से जुड़े सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता विष्णुकांत रावत एवं मुन्ना बाबू लोधी भी इस ऐतिहासिक पदयात्रा में उत्साह पूर्वक सम्मिलित हुए। यात्रा के दौरान करोड़ों भक्तों की भीड़ के बीच ईश्वर की प्रेरणा से महाराज श्री धीरेन्द्र शास्त्री ने स्वयं इन्हें पहचानकर अपने पास बुलाया। उन्होंने दोनों से स्नेहपूर्वक कुशलक्षेम पूछी तथा आशीर्वाद प्रदान किया, जिसे उपस्थित लोगों ने अत्यंत सौभाग्यपूर्ण क्षण के रूप में देखा।

रायसेन की सिलवानी-बेगमगंज विधानसभा को मिली बड़ी सौगात

# 13 ग्राम पंचायतों में बनेंगे नवीन सामुदायिक भवन

### निर्माण कार्य के लिए 2 करोड़ 85 लाख रुपए की राशि हुई स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

ग्रामीण विकास को नई दिशा देने की दिशा में प्रदेश सरकार ने सिलवानी—बेगमगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए एक बड़ा निर्णय लिया है। क्षेत्र की 13 ग्राम पंचायतों में नवीन सामुदायिक भवनों के निर्माण हेतु कुल 2 करोड़ 85 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति स्थानीय जरूरतों और ग्रामीण संरचनाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से दी गई है।

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव, विदिशा सांसद एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का आभार व्यक्त किया है। इसके साथ ही क्षेत्रवासियों ने माना कि यह उपलब्धि पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह के सतत प्रयासों का परिणाम है। उनके लगातार प्रयासों और क्षेत्रीय मांगों को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के कारण ही इतने बड़े पैमाने पर सामुदायिक भवनों की स्वीकृति संभव हो सकी।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि पूर्व मंत्री रामपाल सिंह हमेशा से क्षेत्र के विकास, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण ढांचे को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय रहते आए हैं। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में पहले भी कई महत्वपूर्ण विकास कार्य सम्पन्न हुए हैं।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सामुदायिक भवन न केवल गांवों को संगठित करने में मदद करेंगे, बल्कि युवाओं, महिलाओं और स्थानीय समूहों को भी सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का मंच मिलेगा।





### केंद्रीय मंत्री चौहान व पूर्व कैबिनेट मंत्री सिंह का माना आभार

#### जनता ने व्यक्त किया आभार

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने हमेशा हमारी जरूरतों को समझा और उन्हें पूरा करने का हर संभव प्रयास किया है। यह सौगात हमारे गांवों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इससे क्षेत्र में विकास की नई कड़ी जुड़ी है।

#### स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों को मिलेगा नया मंच

सामुदायिक भवनों के निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर स्थल उपलब्ध होगा। युवाओं के लिए खेल, बैठकें और प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित हो सकेंगे। महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों को नया मंच मिलेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य व जनजागरूकता कार्यक्रम और अधिक प्रभावी बनेंगे। पंचायत स्तर पर प्रशासनिक गतिविधियाँ सुचारु रूप से संचालित हो पाएंगी। ग्रामीणों ने कहा कि यह भवन वास्तव में उनके गांवों के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे।

#### इन पंचायतों में बनेंगे सामुदायिक भवन

*पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के मानक प्राक्कलन के आधार पर विभिन्न ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जाएगा। जिसमें बेगमगंज तहसील के घानाकलां, टेकापार, बमोरी शामिल है। इसके अतिरिक्त सिलवानी तहसील के खेरी जयपुरा, चैनपुर, बम्होरी, वर्धा, समनापुर, सिंहपुरी उचेहरा, पड़रिया खुर्द, बीकलपुर, बेगवां कलां तथा पडरिया शामिल है।*

पोर्टल में तकनीकी समस्या के कारण मजदूरों का नहीं हो रहा भुगतान, कर रहे पलायन

# मनरेगा में पहले जिले में 2 लाख 20 हजार मजदूर करते थे काम, अब बचे डेढ़ लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मनरेगा योजना जिसके तहत मजदूरों को गांव में ही स्थानीय स्तर पर रोजगार की गारंटी देना होता है। यह मजदूरों को रोजगार की गारंटी देने वाली योजना परत दर परत जमीनी हकीकत खुलकर सामने आने लगी है। अब यह योजना अपने अस्तित्व को बचाने के लिए खुद ही लड़ रही है।

आलम है कि मजदूर की मजदूरी रुकना बिल्डिंग मटेरियल का भुगतान रुकना, शासन प्रशासन की उदासीनता एवं स्पर्श पोर्टल में आ रही तकनीकी समस्या को दूर न करना इस रोजगार गारंटी की अहम वजह बताई जा रही है। लापरवाही का आलम यह है कि पूरे एक दो नहीं बल्कि 6 महीने बीतने के बाद भी पोर्टल की तकनीकी खराबी दूर नहीं हो सकी है, जिससे लाखों मजदूरों की मजदूरी अटकी हुई है।

#### मनरेगा में कार्यरत मजदूरों की स्थिति

जिला पंचायत विभाग रायसेन के सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत जॉब कार्डधारी मजदूरों की संख्या एक लाख 46 हजार रह गई है। जबकि 5 साल पूर्व मजदूरों की संख्या 2 लाख लगभग 20 हजार थी। बड़े शहरों में रोजगार की तलाश में मजदूरों का पलायन नहीं थम रहा है। रायसेन सिटी की आबादी लगभग 50 हजार है। मटेरियल का भुगतान जून महीने स्पर्श पोर्टल में तकनीकी समस्या की वजह से समस्या बरकरार है।
(नोटः आंकड़े मनरेगा डेली स्टेट्स रिपोर्ट के अनुसार दर्ज किए गए हैं।)

#### खास बातें

- तकनीकी समस्या और जिला पंचायत की अनदेखी बनी बड़ी समस्या
- रोजगार की तलाश में जिले के मजदूर वर्ग बाहर के शहरों में कर रहे पलायन




#### अधर में लटकी लोकपाल की नियुक्ति

*जिले में मनरेगा मजदूरों की समस्याओं का निराकरण एवं पंचायतों में मनरेगा द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए केंद्र सरकार की मंशानुसार प्रत्येक जिले में मनरेगा लोकपाल की नियुक्ति होना थी, परन्तु अभी तक नियुक्ति अधर में लटकी हुई है। अगर मनरेगा में लोकपाल की नियुक्ति हो जाती है तो मजदूरों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सकेगा तथा पंचायतों में ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य की सही मॉनिटरिंग की जा सकेगी।*

#### मजदूर कर रहे पलायन

रायसेन जिले में भी मनरेगा की चरमराती व्यवस्था मजदूरों को गांव छोड़ने पर मजबूर कर रही है। समय पर मजदूरी न मिलना, गांव गांव मनरेगा के निर्माण कार्यों का ठप पड़ जाना और सामग्री भुगतान का महीनों से लंबित रहना इन सबने ग्रामीण मजदूरों की आर्थिक रीढ़ तोड़ दी है। हालात यह हैं कि कई परिवारों के पास रोज़मर्रा की जरूरतें पूरी करने तक के पैसे नहीं बचे। चूंकि स्थानीय स्तर पर काम उपलब्ध नहीं है, मजदूर बड़ी संख्या में पड़ोसी जिले और राज्य की ओर पलायन कर रहे हैं। गांवों की गलियां वीरान होती जा रही हैं, खेतों में काम करने वाले हाथ कम पड़ रहे हैं और स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति भी प्रभावित हो रही है क्योंकि पूरा परिवार रोजगार की तलाश में बाहर जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मनरेगा में भुगतान समय पर हो जाता, तो पलायन की नौबत ही नहीं आती।

#### तकनीकी कारण से अटका भुगतान

मनरेगा में सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि सामग्री भुगतान न मिलने से निर्माण कार्य पूरी तरह रुक गए हैं। बताया जा रहा है कि माह जून से मनरेगा में स्पर्श पोर्टल शुरू किया गया है। इसमें टेक्निकल समस्या बरकरार है। ऐसी स्थिति में करीब 6 महीने से मनरेगा का जिलेभर की 498 ग्राम पंचायतों में बजट भुगतान नहीं किया है। वहीं ग्राम पंचायतें स्वीकृत कार्यों को शुरू करने की स्थिति में ही नहीं हैं। दुकानदारों ने उधारी पर भवन सामग्री देना बंद कर दिया है और मजदूरों ने मनरेगा में काम करना बंद कर दिया है। जिला प्रशासन की तरफ से सिर्फ यही बात कही जा रही है कि डिमांड आएगी तो काम देंगे, लेकिन जमीन पर हकीकत अलग ही बयां कर रही है।

#### मजदूरों का महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना से हो रहा मोहभंग

हालांकि जिला पंचायत के अधिकारी बजट आने की बात तो स्वीकार कर रहे हैं। वर्तमान में स्पर्श पोर्टल की तकनीकी समस्या दूर करने की बात के दावे कर रहे हैं। ऐसे बने हालातो के चलते मनरेगा के मजदूरों का महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना से अब उनका मोहभंग होने लगा है। सचिवों और उनके घर रखे जॉब कार्ड अब शोपीस बनकर रह गए हैं। हालत फिलहाल अब यह बन गए हैं कि पिछले 5 सालों में मजदूरों की संख्या घटकर एक लाख 46 हजार रह गई है। यह वही योजना है लगभग 5 साल पहले इसमें 40 से 50 हजार मजदूर एक साथ गांव में काम करते थे। उनके रोजगार की गारंटी भी गांव में दी जाती थी। लेकिन अब हालात इस कदर मनरेगा में रोजगार उनके गांवों में नहीं मिल रहा। हालात इतने खराब हो गए हैं कि मजदूरों को कमाई के लिए अब गांव में नहीं बल्कि दूसरे शहरों का सहारा लेना पड़ रहा है।

#### इनका कहना है

जिले की ग्राम पंचायतों के गांव में मनरेगा के कार्य चल रहे हैं।जिन गांवों से मनरेगा की डिमांड आती है तो उन्ही गांव में निर्माण कार्य चलता है। जल्दी ही बकाया राशि पंचायत के खातों में जमा करवा दी जाएगी।
-**अखिलेश कुमार द्विवेदी,** मनरेगा जिला प्रभारी, रायसेन।

### भोपाल-विदिशा हाईवे पर पलटा भूसे से भरा अनियंत्रित ट्रक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित दीवानगंज पुरानी चौकी के सामने राहतगढ़ से इंदौर जा रहा भूसे से भरा ट्रक रविवार देर रात 11 बजे अनियंत्रित होकर रोड से नीचे पलट गया। ड्राइवर और क्लीनर को मामूली सी चोट आई है।

ट्रक ड्राइवर सौरभ पठान निवासी रातगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रक क्रमांक एमपी 15 एचए 1249 में राहतगढ़ से भूसा भर कर इंदौर ले जा रहे थे। जैसे ही दीवानगंज पुरानी चौकी के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे वाहन को बचाने में ट्रक सड़क से नीचे उतर गया। सड़क किनारे गहराई होने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक ड्राइवर सौरभ पठान और क्लीनर प्रकाश अहिरवार को मामूली सी चोट आई है।

भोपाल विदिशा हाईवे पर दिन-रात भूसे से भरे ट्रैक्टर ट्राली, ट्रक बड़ी संख्या में निकल रहे हैं। इन ट्रैक्टर ट्राली और ट्रकों में अधिक भूसा भरा रहने से दूसरे वाहन को क्रॉसिंग करने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

# रस्साकसी, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ में महिलाओं ने दिखाया अपना दमखम

### सांसद खेल महोत्सव के तहत मूरेलकलां में आयोजित हुईं प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सांची जनपद के ग्राम पंचायत मूरेलकलां में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन के प्रांगण में खेलों का आयोजन किया गया। इनमें स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान पर विजेता प्रियंका गौर, उपविजेता कृष्णा बाई रहीं।

रस्साकसी में रामकुमार यादव की टीम विजेता रही, नींबू दौड़ में मोनिका लोधी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एवं दूसरे स्थान पर लज्जया धाकड़ रही। सभी विजेता ओर उपविजेताओं को निर्णायक कमेटी के द्वारा नगद पुरुष्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच जयश्री यादव के द्वारा की गई। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि रामकुमार यादव, सचिव मुकेश कुमार, सहायक सचिव गंगाराम गौर, शिक्षक रविन्द्र मालवीय, सुषमा गौर, किरण गौर, प्रियंका गौर, देवेंद्र गौर, वृजलाल प्रजापति, खेल युवा कल्याण विभाग से अमन शर्मा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, महिलाएं और स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।




# शराब मांगने वाले मंडल मीडिया प्रभारी को थमाया नोटिस

**भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने मामला संज्ञान में आते ही अनुशासन समिति को दिए कार्रवाई के निर्देश**

#### भाजपा ने मीडिया प्रभारी को नोटिस देकर 3 दिन में मांगा संतोषजनक जवाब

*मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला अनुशासन समिति के संयोजक राकेश तोमर ने जिला अध्यक्ष श्री शर्मा के निर्देशानुसार सलामतपुर मंडल के मीडिया प्रभारी हरिओम साहू को नोटिस देते हुए 3 दिन के अंदर जवाब मांगा है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर संबंधित मीडिया प्रभारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा संबंधित सलामतपुर मंडल अध्यक्ष रितेश अग्रवाल को भी नोटिस के माध्यम से आगाह किया है कि उनके मंडल के मीडिया प्रभारी द्वारा इस प्रकार का कदाचरण किया, जिसकी सूचना उन्होंने जिला अध्यक्ष या जिला कार्यालय को समय पर क्यों नहीं दी, उनसे भी इस विषय में जवाब मांगा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारतीय जनता पार्टी सलामतपुर मंडल के मीडिया प्रभारी हरिओम साहू द्वारा गत दिवस दीवानगंज पुलिस चौकी प्रभारी को फोन कर शराब की बोतल मांगने के संबंध में एक ऑडियो सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है, जो भाजपा संगठन के आदर्श आचरण के विरुद्ध है।

मामला भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा के संज्ञान में आते ही उन्होंने तत्काल एक्शन लेते हुए जिला अनुशासन समिति के संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष राकेश तोमर को निर्देश दिए कि संबंधित मीडिया प्रभारी को तत्काल नोटिस देकर जवाब मांगा जाए। क्योंकि उनका यह कदाआचरण पार्टी की छवि को धूमिल करता प्रतीत हो रहा है।


## कार्यालय नगर परिषद् सिलवानी, जिला-रायसेन (म.प्र.)

cmosilwani@mpuban.gov.in

क्रमांक/रा.शा./न.प./2025/ सिलवानी, दिनांक-17/11/2025

// तृतीय निविदा सूचना आमंत्रण //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर परिषद सिलवानी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि नवीन बस स्टेण्ड पर 30 वर्ष के लिये मध्यप्रदेश नगर पालिका अचल संपत्ति का अंतरण नियम 2016 एवं 2021 के प्रावधानों के अंतर्गत उपयोग का अधिकार निर्धारित मासिक किराया एवं अधिकतम प्रीमियम राशि के आधार पर दिये जाने हेतु नगर परिषद सिलवानी द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अंतर्गत ऑनलाइन ई-निविदा https://mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र दिनांक 18.11.2025 को समय प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 17.12.2025 को समय 17.30 बजे तक क्रय कर दरे प्रस्तुत की जा सकती है।

| क्र. | नि. क्र. | आरक्षण का प्रकार | दुकान नं. | दुकानों का साइज | न्यूनतम अपसेट प्राईज (लाख में) | दुकान अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_462787_1 | अनारक्षित | 01 | 11.31 वर्ग मीटर | 5.25 | 15000 | 2000 |
| 2 | 2025_UAD_462846_1 | अनारक्षित | 03 | 11.41 वर्ग मीटर | 5.30 | 15000 | 2000 |
| 3 | 2025_UAD_462857_1 | शिक्षित बेरोजगार | 09 | 11.21 वर्ग मीटर | 5.20 | 15000 | 2000 |
| 4 | 2025_UAD_462913_1 | शिक्षित बेरोजगार | 10 | 11.21 वर्ग मीटर | 5.20 | 15000 | 2000 |
| 5 | 2025_UAD_462922_1 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 12 | 11.21 वर्ग मीटर | 5.20 | 15000 | 2000 |
| 6 | 2025_UAD_462932_1 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 13 | 11.21 वर्ग मीटर | 5.20 | 15000 | 2000 |
| 7 | 2025_UAD_462958_1 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 14 | 11.21 वर्ग मीटर | 5.20 | 15000 | 2000 |
| 8 | 2025_UAD_462966_1 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 15 | 11.21 वर्ग मीटर | 5.20 | 15000 | 2000 |
| 9 | 2025_UAD_462968_1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी | 16 | 11.21 वर्ग मीटर | 5.20 | 15000 | 2000 |
| 10 | 2025_UAD_462973_1 | अनारक्षित | 19 | 11.21 वर्ग मीटर | 5.20 | 15000 | 2000 |
| 11 | 2025_UAD_462976_1 | अनारक्षित | 21 | 11.21 वर्ग मीटर | 5.20 | 15000 | 2000 |
| 12 | 2025_UAD_462980_1 | अनारक्षित | 22 | 11.21 वर्ग मीटर | 5.20 | 15000 | 2000 |
| 13 | 2025_UAD_462981_1 | अनारक्षित | 24 | 11.21 वर्ग मीटर | 5.20 | 15000 | 2000 |
| 14 | 2025_UAD_462982_1 | अनारक्षित | 25 | 11.21 वर्ग मीटर | 5.20 | 15000 | 2000 |
| 15 | 2025_UAD_462984_1 | अनारक्षित | 27 | 12.16 वर्ग मीटर | 5.60 | 15000 | 2000 |
| 16 | 2025_UAD_462985_1 | भूतपूर्व सैनिक | 28 | 11.94 वर्ग मीटर | 5.50 | 15000 | 2000 |
| 17 | 2025_UAD_462986_1 | अनु. जन. जाति | 29 | 11.94 वर्ग मीटर | 5.50 | 15000 | 2000 |
| 18 | 2025_UAD_462988_1 | अनु. जन. जाति | 30 | 11.80 वर्ग मीटर | 5.50 | 15000 | 2000 |
| 19 | 2025_UAD_462990_1 | अनु. जन. जाति | 31 | 11.90 वर्ग मीटर | 5.50 | 15000 | 2000 |
| 20 | 2025_UAD_462994_1 | अनु. जन. जाति | 32 | 11.63 वर्ग मीटर | 5.40 | 15000 | 2000 |
| 21 | 2025_UAD_462998_1 | अनु. जाति | 33 | 15.56 वर्ग मीटर | 7.20 | 18000 | 2000 |
| 22 | 2025_UAD_463005_1 | अनु. जाति | 34 | 07.62 वर्ग मीटर | 3.55 | 10000 | 2000 |
| 23 | 2025_UAD_463010_1 | अनु. जाति | 35 | 11.56 वर्ग मीटर | 5.25 | 15000 | 2000 |

नोट- 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन बेवसाईट https://mptenders.gov.in पोर्टल पर किया जावेगा। पृथक से समाचार में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।
2. निविदा आनलाइन क्रय तथा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 17/12/2025 समय 17:30 बजे एंव निविदा आनलाइन खोले जाने की तिथि 18/12/25 समय 05:30 बजे।
3. ई-निविदा की विस्तृत शर्तें राजस्व शाखा नगर पालिका सिलवानी में अवकाश के दिन छोड़कर कार्यालयीन समय में कभी भी देखी या पड़ी जा सकती है।

रेशू विभोर नायक
अध्यक्ष, नगर परिषद सिलवानी

ऋषिकांत यादव
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद् सिलवानी


सरकार से अपनी मांगे पूरी करने उठाई आवाज

# भारतीय मजदूर संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को भारतीय मजदूर संघ ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया। इसके बाद नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां डिप्टी कलेक्टर अलका सिंह को एक ज्ञापन सौंपा गया।

धरना व रैली में आंगनबाड़ियों की कार्यकर्ता, सहायिका, संविदा शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मचारी आदि शामिल हुए। धरने में लक्ष्मण सिंह राजपूत, जिला मंत्री अरविंद सिंह ठाकुर, किशोर सिंह ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर, बसंत प्रजापति, ओमप्रकाश मेवाड़ा, अजय कौरव, गोपाल साहू, शरद द्विवेदी, अध्यापक संघ जिलाध्यक्ष सूर्यकांत सक्सेना संजय मालवीय, वसुधा मिश्रा, हरिनारायण सोनी, मुरारीलाल सोनी, रघुवीर सिंह भदौरिया आदि उपस्थित हुए।




#### यह है प्रमुख मांगें

असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को नगरीय क्षेत्रों में प्रत्येक नगर में छायादार शेड बनाए जाएं। उनके बैठने का स्थान सुनिश्चित किया जाए। इसमें शौचालय पेयजल की भी पुख्ता इंतजाम हो और श्रमिक हितों की योजनाओं का दीवार लेखन जारी कराया जाए। भारतीय मजदूर संघ जिला कार्यालय के लिए भवन उपलब्ध कराया जाए। बैठक आयोजित की जाए कर्मचारियों की भलाई उनकी समस्याओं का का निराकरण किया जाए। असंगठित श्रमिकों एवं मजदूरों से फैक्ट्री अधिनियम 1948 के अनुसार तय घंटों से अतिरिक्त कार्य न कराया जाए। साथ ही अन्य मांगे शामिल है।

### आशा, ऊषा, सहयोगी संयुक्त मोर्चा ने धरना देकर सौंपा ज्ञापन

**रायसेन।** आशा ऊषा, आशा सहयोगी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सोमवार को सुबह धरना देकर नारेबाजी करते हुए रैली रैली निकाली और कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन संगठन की जिला अध्यक्ष कृष्णा ठाकुर के नेतृत्व में सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि हर महीने के 5 तारीख को सभी कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान होना चाहिए पता। बगैर कटौती के प्रोत्साहन राशि दी जाना चाहिए। केंद्र और राज्य सरकार के हिस्से की राशि एक मुश्त होना चाहिए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधीन आशा उषा कार्यकर्ता और आशा सहयोगिनी पर्यवेक्षक अपना कार्य पूर्ण लगन निष्ठा से पूरा करती हैं इसके बाद भी उन्हें समय पर प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं होता।